स्वस्थ भारत के निर्माण में निवारक चिकित्सा और जागरूकता जरूरी

पटना (आससे)। होटल ताज पटना में वसुधैव विमर्श फाउंडेशन की ओर से पल्स ऑफ पॉजिटिविटी हेल्थ एंड वेलनेस समिट बिहार 2026 का आयोजन किया गया। 'स्वस्थ भारत का निर्माण' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौरेंद्र पांडेय, परिवहन विभाग की उप सचिव अरुणा कुमारी, सेवानिवृत्त रियर एडमिरल कपिल गुप्ता, मेघा सिंह, विशाल त्यागी, शैलेश तिवारी और डॉ. बालेश्वर दत्त ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर हेल्थ चौपाल का अनावरण और



पत्रिका का विमोचन किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वाहन चालकों के बीच हेलमेट भी वितरित किए गए। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि स्वस्थ बिहार के निर्माण के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और बेहतर जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। सम्मेलन में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, निवारक चिकित्सा और सड़क सुरक्षा पर अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने बीमारियों के उपचार के साथ उनकी रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के निदेशक विशाल त्यागी और संयोजक शैलेश तिवारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाना है। सह संयोजक आदित्य कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं।

कोका-कोला ने पूजा उत्सव में ताजगी और स्थानीय अनुभवों को जोड़ा

पटना (आससे)। इसबार दुर्गा पूजा (पूजो) के दिन परिवारों के मिलने, पंडाल घूमने, स्थानीय पकवानों का मजा लेने और संगीत व उत्सवों से मोहल्लों में रौनक रहे। इन परंपराओं ने लोगों को आपस में जोड़ा, जिससे उन्हें अपनों से फिर मिलने और यहां की समृद्ध संस्कृति व खान-पान का साथ मिलकर लुत्फ उठाने का मौका मिला। त्योहारों के इस मौसम में कोका-कोला इंडिया ने अलग-अलग बाजारों में कई सांस्कृतिक अनुभवों के जरिए अपने ड्रिंक्स पोर्टफोलियो को ग्राहकों के और करीब पहुंचाया। ये पहल रिहायशी इलाकों, पसंदीदा फूड सेंटर्स और पूजा पंडालों में शुरू की गयीं, जिनका मकसद लोगों के त्योहार मनाने के खास लम्हों और परंपराओं का हिस्सा बनना था। कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया के इंटीग्रेटेड ऑपरेशन्स के वाइस प्रेसिडेंट बजोरिया ने कहा, त्योहारों का मौसम पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं के साथ परिवारों और समुदायों को एक साथ लाता है। उत्सव के ये पल हमारे लिए उपभोक्ताओं से जुड़ने का अहम मौका हैं। इस दौरान हम यह भी पक्का करते हैं कि त्योहार का मजा लेते हुए उनके शरीर में पानी की कमी न हो और वे तरोताजा रहें। कोका-कोला इंडिया में हमारा ध्यान इन रिश्तों को और गहरा करने पर है। इसके लिए हम अपने विविध ड्रिंक्स पोर्टफोलियो को स्थानीय समझ से जोड़ते हैं और बड़े डिस्ट्रीब्यूशन, रिटेल व बॉटलिंग नेटवर्क के सहारे जमीन पर मजबूत अमल करते हैं।

एनएफआर में आज से सतर्कता जागरूकता सप्ताह, सत्यनिष्ठा से समृद्धि पर जोर

(आज समाचार सेवा)

पटना। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि रखी गई है। इसके तहत रेलवे प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में रेलकर्मियों के साथ विद्यार्थियों और आम लोगों की भी भागीदारी होगी। केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आयोजित सप्ताह की शुरुआत 26 अक्टूबर को मालीगांव स्थित एनएफआर मुख्यालय और महाप्रबंधक निर्माण कार्यालय में सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ होगी। इस दौरान दोनों स्थानों पर वॉकथॉन का आयोजन भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक जिम्मेदारी और ईमानदार कार्यसंस्कृति का संदेश देना है। कार्यक्रमों की कड़ी में 27 अक्टूबर को कामाख्या कोचिंग डिपो में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं 28 अक्टूबर को सतर्कता बुलेटिन का विमोचन होगा। इसी दिन अनुबंध प्रबंधन में निवारक सतर्कता विषय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें कार्यों के निष्पादन और अनुबंध प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाने तथा अनियमितताओं की रोकथाम के उपायों पर चर्चा होगी। युवाओं में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 29 अक्टूबर को नेताजी विद्यापीठ रेलवे हाई स्कूल मालीगांव और 30 अक्टूबर को रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल मालीगांव में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के महत्व से परिचित कराया जाएगा। एनएफआर के अनुसार यह सप्ताह 17 अगस्त से 16 नवंबर 2026 तक मुख्यालय, मंडलों और निर्माण संगठन में चलाए जा रहे तीन महीने के निवारक सतर्कता अभियान का हिस्सा है। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य दैनिक कार्यप्रणाली में सत्यनिष्ठा को मजबूत करना और पारदर्शीए जवाबदेह एवं नागरिक.केंद्रित व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाना है।

बिन्द-बेलदार दिवस समारोह में अधिक भागीदारी का आह्वान

(आज समाचार सेवा)

पटना। मजिस्ट्रेट कॉलोनी में बिन्द-बेलदार विकास सामाजिक सेवा संस्थान और सबका विकास महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में मछुआ समुदाय की जातीय जनगणना, सत्ता में भागीदारी और विकास विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार बिन्द ने किया।

उन्होंने बिन्द, बेलदार, नोनिया, केवट, चांय, गोड़ी और मल्लाह समुदाय के लोगों से जातीय जनगणना में अपनी जाति का नाम दर्ज कराने तथा 25 दिसंबर को पटना में आयोजित बिन्द-बेलदार दिवस समारोह में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। अध्यक्षता बाल्मीकि कुमार बिन्द ने की। वक्ताओं ने जातियों के लिए अलग-अलग कोड, आरक्षण और जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी की मांग उठाई।

कार्यक्रम में वंचितों की सहायता का संकल्प भी लिया गया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने पीसीआई की फार्मासिस्ट भर्ती प्रोन्नति सेवा रेगुलेशन 2025 को बताया अस्तित्वहीन

(आज समाचार सेवा)

पटना। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के क्रियाकलाप पर सवाल खड़ा करते हुए फार्मासिस्ट भर्ती प्रोन्नति सेवा रेगुलेशन 2025 पर सर्कुलर जारी कर सवाल उठाया हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सर्कुलर जारी कर पीसीआई की फार्मासिस्ट भर्ती प्रोन्नति सेवा रेगुलेशन 2025 पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह केन्द्र सरकार की मंजूरी के बिना जारी किये गये है और विधि कार्य विभाग के राय के अनुसार स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे कानून के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है और कहा कि इन्हें कानूनी रूप से मान्य नहीं माना जायेगा। इस रेगुलेशन को अस्तित्वहीन बताया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभाग संबंधित अधिकारियों और अस्पतालों से इस स्थिति का संज्ञान लेने को कहा है। पीसीआई की रेगुलेशन के आधार पर फार्मासिस्ट पद पर भर्ती एवं प्रोन्नति करते समय मंत्रालय के स्पष्टीकरण को ध्यान में रखने की सलाह दी हैं। पीसीआई ने फार्मासिस्ट भर्ती प्रोन्नति सेवा रेगुलेशन में लिखा था कि यह केन्द्र सकरार की मंजूरी से बनाये गये हैं। जिस पर मंत्रालय ने सर्कुलर जारी कर पीसीआई के इस दावें को सिरे से खारिज कर दिया हैं।

इस रेगुलेशन के ड्राफ्ट पर स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऑर्गनाइजेशन छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार चौधरी ने भी फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी और रेगुलेशन को मानने से साफ इंकार किया था। साथ ही फार्मासिस्ट पद पर भर्ती के लिए बिहार सरकार की फार्मासिस्ट भर्ती नियमावली को वैध एवं पूरी तरह से सही बताया था। अब केन्द्र सरकार ने भी सर्कुलर जारी कर पीसीआई के फार्मासिस्ट भर्ती प्रोन्नति सेवा रेगुलेशन पर स्पष्टीकरण जारी कर पीसीआई की कार्यशैली पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिये हैं। पीसीआई के विरूद्ध कारवाई को डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऑर्गनाइजेशन छात्र संघ बिहार की ओर से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। अब कोई भी राज्य या अस्पताल में इस रेगुलेशन के आधार फार्मासिस्ट पद पर भर्ती या प्रोन्नति नहीं हो सकेगी।

साहू समाज की वेबसाइट का शुभारंभ

पटना (आससे)। बिहार तैलिक साहू भवन में साहू समाज की वेबसाइट का डिजिटल शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन बिहार तैलिक साहू भवन के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक रणविजय साहू, बिहार तैलिक साहू सभा के महिला मोर्चा के प्रदेश महिला अध्यक्ष सिम्मी प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर रणविजय साहू ने कहा कि आज बहुत ही खुशी की बात है कि साहू समाज की



वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही आगामी पंचायत चुनाव में तैलिक समाज के आरक्षण से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

वहीं सिम्मी प्रसाद ने बताया कि यह पहल हमारे समाज को नई पहचान देने, समाज के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने तथा हमारी उपलब्धियों और एकता को नई ऊँचाईयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

लगातार पित्ती और खुजली, क्रॉनिक स्पॉन्टेनियस अर्टिकेरिया का संकेत

पटना (आससे)। त्वचा पर बार-बार उभरनेवाले खुजलीदार चकत्ते और सूजन को अक्सर सामान्य एलर्जी समझकर नंजरअंदाज कर दिया जाता है। हालांकि, यदि पित्ती और खुजली छह हफ्तों से अधिक समय तक बार-बार होती रहे, तो यह क्रॉनिक स्पॉन्एनियम अर्टिकेरिया (सीएसयू) का संकेत हो सकता है। क्रॉनिक अर्टिकेरिया के इस प्रकार में बिना किसी स्पष्ट बाहरी कारण के त्वचा पर उभरे हुए चकत्ते दिखायी देते हैं। कुछ मामलों में त्वचा की गहरी परतों में सूजन भी हो सकती है, जिसे एंजियोएडेमा कहा जाता है।

पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के त्वचा रोग विभाग की एडिशनल प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा.श्वेतालिना प्रधान ने कहा, अक्सर पित्ती को एलर्जी से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन अग इसके लक्षण बार-बार उभरें और छह हफ्ते से ज्यादा समय तक बने रहें, तो यह क्रॉनिक स्पॉन्टेनियम अर्टिकेरिया (सीएसयू) का संकेत हो सकता है। लगातार खुजली और बेचैनी की यह समस्या त्वचा से आगे बढ़कर नींद में खलल डाल सकती है, थकान बढ़ा सकती है और रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डाल सकती है। त्वचा रोग या एलर्जी विशेषज्ञ से सलाह लेकर मरीज अपने लक्षणों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उपचार के उपयुक्त विकल्पों पर चर्चा कर सकते हैं। त्वचा पर खुजलीवाले उभरे हुए चकते शरीर के अलग-अलग हिस्सों में दिखायी दे सकते हैं। एक चकत्ता कुछ घंटों में गायब हो सकता है, लेकिन दूसरे हिस्से में नया चकत्ता उभर सकता है। यदि यह सिलसिला छह हफ्तों से अधिक समय तक जारी रहे, तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है।

एक्सिस बैंक का दूसरी तिमाही में बेहतर प्रदर्शन

(आज समाचार सेवा)

पटना। एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया। बैंक का शुद्ध लाभ सलाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 7003 करोड़ रुपये हो गया। इस वृद्धि में शुद्ध ब्याज आय में अच्छी बढ़ोतरी और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार का योगदान रहा।

बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी ने बताया कि इस तिमाही में हमने डिजिटल भुगतान और सुरक्षित बैंकिंग के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति को आगे बढ़ाया। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचारों और रणनीतिक साझेदारी के जरिए तकनीकी विकास की दिशा में भी काम किया।

दीवार प्लास्टर करने के विवाद में मारपीट व फायरिंग

दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी

आरा (भोजपुर)। जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में शनिवार की रात दीवार प्लास्टर करने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। वही एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। हालांकि फायरिंग के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जबकि मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज अगिआंव पीएचसी में कराया गया। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में विजय कुमार सिंह एवं मुन्ना कुमार के बीच दीवार प्लास्टर करने के विवाद में पहले नोकझोंक हुई। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट की। तभी एक के पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस संबंध में एक पक्ष के विजय कुमार सिंह के द्वारा मुन्ना कुमार, शर्मा कुमार सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के डीहरा गांव निवासी स्व. ओम प्रकाश सिंह के पुत्र मुन्ना कुमार एवं सत्येंद्र सिंह के पुत्र शर्मा कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के मुन्ना कुमार के द्वारा विजय कुमार सिंह, श्री निवास सिंह सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के डीहरा गांव निवासी नंद किशोर सिंह के दो पुत्र श्रीनिवास सिंह, विजय कुमार सिंह, विनय सिंह के पुत्र छोटे लाल कुमार, हिमांशु कुमार एवं अरुण कुमार सिंह के पुत्र ललू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अजीमाबाद थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष द्वारा दीवार प्लास्टर करने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी हैं। एक पक्ष के विजय कुमार सिंह द्वारा नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जबकि दूसरे पक्ष मुन्ना कुमार के द्वारा भी नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एवं उनके द्वारा फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

२१ वर्षीय युवक का शव पटियाला से पहुंचा गांव

साहेबगंज (आससे)। प्रखंड के हलीमपुर पंचायत के वार्ड 11 निवासी प्रमोद कुमार महतो के 21 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार का शव पंजाब के पटियाला से रविवार को गांव पहुंचा ।दरवाजे पर अभिषेक का शव पहुंचते ही परिजनों के रोने और चीत्कार से कोहराम मच गया ।ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई ।मृतक अभिषेक के बड़े भाई अनीश कुमार ने बताया कि करीब तीन चार माह पूर्व उसका भाई अभिषेक ,पंजाब के पटियाला के सामान्य गांव में प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करने गया था ।वह अभी अविवाहित था ।विगत 23 अक्टूबर शुक्रवार की शाम वहां से खबर मिली कि उसके भाई अभिषेक के करंट लगने और छत से गिरने से हो गई है। फिर थोड़ी देर बाद खबर आई कि छत पर खेलने के क्रम में पानी टंकी से गिरने से उसकी मौत हो गई ।फिर खबर मिली कि हार्ट अटैक से उसकी मृत्यु हुई है ।भाई अनीश कुमार ने बताया कि उसके भाई की मृत्यु ड्यूटी के क्रम में हुई है ।मौत का कारण बार बार बदलने से मामला संदिग्ध लग रहा है ।दो भाई और दो बहन के बीच सिर्फ अभिषेक ही कुंवारा था । मुखिया शंभू गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक अभिषेक



का शव गांव आया है ।बिजली का करंट लगने से उसकी मौत हुई है ।डाक्टरों ने इसकी पुष्टि की है ।मृतक का दाह संस्कार परिजनों ने कर दिया ।

पान की गुमटी से 96.94 ग्राम गांजे के साथ दुकानदार गिरफ्तार

शेखपुरा (आससे)। टाउन थाना पुलिस ने नगर क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरिहिंडा बस स्टैंड के समीप एक पान की गुमटी से 96.94 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दुकानदार की पहचान महादेव नगर मोहल्ला निवासी सुभाष लाल के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचल निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के सामने स्थित एक पान की गुमटी से गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान काले रंग की प्लास्टिक में रखी गांजा की 23 पुड़िया बरामद की गईं। जब्त गांजे का वजन करने पर वह 96.94 ग्राम पाया गया। इसके अलावा दुकानदार के हाफ पैंट की जेब से वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी अभियान में शंभू कुमार, संतोष कुमार, आकाश कुमार और मुकेश कुमार सहित गश्ती दल के अन्य सदस्य शामिल थे। पुलिस के अनुसार, जिले में युवाओं के बीच सूखे नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गश्ती दलों को संदिग्ध दुकानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

अपहरण कांड का फरार आरोपित 4 साल बाद गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। वैशाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे अपहरण कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त औद्योगिक क्षेत्र थाना कांड संख्या- 180/21 में वांछित था। उसकी पहचान धर्मेंद्र पासवान, पिता लखींद्र पासवान, ग्राम भागवतपुर पहेठा, थाना सराय, जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह मामला अपहरण से जुड़ा है। वर्ष 2021 में कांड दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव के आसपास देखा गया है।

संक्षिप्त समाचार

एमवे इंडिया ने स्टोर नेटवर्क का किया विस्तार

पटना (आससे)। सेहत और तंदुरूस्ती के क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों में शामिल एमवे इंडिया ने देश के प्रमुख बाजारों में अपने स्टोर्स का दायरा बढ़ाने का एलान किया। यह कदम भारत में कंपनी की दीर्घकालिक विकास रणनीति का हिस्सा है और इससे बाजार में उसकी पकड़ और मजबूत होगी। विस्तार के इस नए दौर की शुरुआत एमवे के प्रेसिडेंट और सीईओ माइकल नेल्सन ने की। अपने आधिकारिक दौरे पर गुरुग्राम पहुंचे नेल्सन ने आज वहां एमवे के नये स्टोर का उद्घाटन किया। उन्होंने पिछले साल १०० करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी, जिसका एक हिस्सा कंपनी के स्टोर्स बढ़ाने पर खर्च होना था। यह विस्तार उसी घोषणा की अगली कड़ी है। इसी के तहत एमवे इंडिया ने भागलपुर में स्टोर को नवीनीकृत और अपग्रेड किया है। इससे ग्राहक कंपनी के उत्पादों और ब्रांड को और करीब से जान पाएंगे। डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी ग्राहकों से मिलने और अपने इलाके में लोगों को जोड़कर समुदाय बनाने के लिए एक समर्पित मंच मिलेगा।

इंद्रिया का दिवाली कैंपेन फेस्टिवल ऑफ लव

पटना (आससे)। आदित्य बिरला ज्वेलरी ब्रांड इंद्रिया ने दिवाली कैंपेन 'फेस्टिवल ऑफ लव' पेश किया गया है, जिसमें अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ नजर आएंगे। अस इन वी दर्शन पर आधारित यह कैंपेन प्यार, अपनेपन और रिश्तों के उन खास पलों का जश्न मनाता है, जो त्योहारों को यादगार बनाते हैं। कैंपेन फिल्म में अदिति और सिद्धार्थ दिवाली पर दोस्तों की मेहमाननवाजी की तैयारी करते नजर आते हैं। तैयारियों की भागदौड़ के बीच उनके प्यार भरे छोटे-छोटे इशारे कहानी को खास बनाते हैं और दिखाते हैं कि त्योहारों की असली खुशी अपनों के साथ बिताए पलों में है। इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा कि फेस्टिवल ऑफ लव के जरिए ब्रांड उन रिश्तों और पलों को सामने लाना चाहता है, जो त्योहारों को सार्थक बनाते हैं। वहीं, हेड ऑफ मार्केटिंग एंड विजुअल मर्चेंडाइजिंग शांतिस्वरूप पांडा ने कहा कि अदिति और सिद्धार्थ ने अपने सहज अंदाज से कैंपेन की गर्मजोशी और आत्मीयता को जीवंत किया है।

गुरमीत, देबीना और ईशा की कलर्स के धमाल विद पति पत्नी और पंगा में वापसी

पटना (आससे)। कलर्स का 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा' एक ऐसे खास पल का गवाह बनने जा रहा है, जब गुरमीत चौधरी, देबीना बनर्जी और ईशा मालवीय एकबार फिर इस शो में साथ दिखायी देंगे। इस बार वे एक फिल्म के साथ आएंगे, जिसका जश्न मनाना है और एक ऐसी कहानी के साथ, जो उनके इस जुड़ाव कोफिर वहीं ले जाती है जहां से इसकी शुरुआत हुई थी। यह तिकड़ी 'तुम मेरे हो' के प्रमोशन के लिए शो में शामिल होगी, जिसका निर्माण देबीना ने किया है और जिसमें गुरमीत और ईशा मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा' के मंच पर ही गुरमीत और देबीना की पहली मुलाकात ईशा से हुई थी, जिसने एक ऐसे जुड़ाव की नींव रखी, जिसे आगे चलकर बड़े पर्दे पर एक नया रूप मिला। देबीना का निर्माता की भूमिका निभाना, गुरमीत का ईशा के साथ फिल्म में मुख्य भूमिका निभाना और तीनों का एक साथ इस शो में लौटना, इस पुनर्मिलन को एक खास एहसास देता है।

आइसा पटना विवि ने राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी तेज की

पटना। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), पटना विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद की बैठक में 28 से 30 नवंबर 2026 तक नागपुर में आयोजित होने वाले 11वें राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में आइसा बिहार के राज्य अध्यक्ष धनंजय, राज्य सचिव दीपंकर, विश्वविद्यालय सचिव सबा आफरीन सहित विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शिक्षा के निजीकरण, बढ़ती बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने सम्मेलन की तैयारी तेज करने और विश्वविद्यालय व महाविद्यालय परिसरों में संगठन की सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष मजबूत करने पर जोर दिया।

एचडीएफसी बैंक ने साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

पटना। एचडीएफसी बैंक ने साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए जुलाई से अक्टूबर 2026 के बीच देशभर में 8,800 से अधिक जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कीं। इनके माध्यम से 1.8 लाख से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण लोग साइबर अपराध का शिकार बनते हैं। अभियान का उद्देश्य सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना और लोगों को धोखाधड़ी से बचाना है।

रेडमी 17सी 5जी की बिक्री शुरू

पटना। शाओमी इंडिया ने रेडमी 17सी 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। इसमें 6.9 इंच की स्क्रीन, 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट और 6000 एमएएच की बैटरी दी गई है। फोन में 33 वॉट फास्ट चार्जिंग, 50 मेगापिक्सल कैमरा और धूल-पानी से बचाव की सुविधा है। इसका 4 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वाला संस्करण 20,999 रुपये तथा 6 जीबी रैम वाला संस्करण 22,999 रुपये में उपलब्ध है।

हिन्दी साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'लोहिताक्ष' सिनेमाघरों में हुई रिलीज

पटना। हिन्दी साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म लोहिताक्ष सिनेमाघरों में रिलीज हो गई हैं। फिल्म अपने अप्रत्याशित ट्विस्ट, रहस्यमयी कहानी और चौंकाने वाले क्लाइमैक्स को लेकर काफी चर्चा में हैं। प्यार, जुनून, विश्वासघात और सोशल मीडिया के प्रभाव पर आधारित यह फिल्म आधुनिक रिश्तों के अंधेरे पहलुओं को उजागर करती हैं। फिल्म की रिलीज के अवसर पर अभिनेता सिद्धांत इस्सर और निर्देशक भूपेन्द्र ने मशहूर फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राम गोपाल वर्मा को फिल्म का टीजर और ट्रेलर दिखाया। फिल्म की टीम के अनुसार राम गोपाल वर्मा ने फिल्म की काफी सराहना की और पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। गण विकास फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म सिद्धांत इस्सर, अप्सरा रानी, कमलेश सावंत और सु कुमार टुडू प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

एमजी विंडसर का नया इंडल्ज एडिशन लांच

पटना। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर का नया इंडल्ज एडिशन पेश किया है। इसमें 38 किलोवाट ऑवर की बैटरी, 136 पीएस की अधिकतम शक्ति और 200 एनएम का टॉर्क मिलता है। इसकी प्रमाणित दूरी 332 किलोमीटर है। शैडो गोल्ड रंग, काली छत, काले पहिये और विशेष बैजिंग इसे आकर्षक बनाते हैं। कंपनी के अनुसार, यह संस्करण बेहतर आंतरिक सज्जा, आराम और प्रीमियम अनुभव के साथ ग्राहकों को नया विकल्प प्रदान करेगा।

शिल्पा शेट्टी ने अभिजीत सावंत की मुस्कान की तारीफ की

पटना। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने गायक अभिजीत सावंत की मुस्कान की तारीफ करते हुए कहा कि 22 वर्षों बाद भी उनकी मुस्कान पहले जैसी प्यारी है। दोनों की मुलाकात सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कार्यक्रम 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' के मंच पर हुई। इस दौरान पहले सीजन की यादें ताजा हुई, जब शिल्पा ने युवा अभिजीत की मुस्कान की तारीफ की थी। यह कार्यक्रम हर शनिवार और रविवार को प्रसारित होता है।

अमेजन पे से त्योहारों की खरीदारी पर बचत के मौके

पटना। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ग्राहक अमेज़न पे के जरिए खरीदारी पर कई लाभ उठा सकते हैं। अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से पांच प्रतिशत तक अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा। अमेज़न पे लेटर के तहत पात्र ग्राहकों को 60 हजार रुपये तक का तत्काल ऋण उपलब्ध है। वहीं, हवाई टिकट पर 23 प्रतिशत और होटल बुकिंग पर 75 प्रतिशत तक की बचत का अवसर है। नए उपयोगकर्ताओं को 300 रुपये वॉलेट में डालने पर 75 रुपये कैशबैक मिलेगा।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

मेष-	व्यवसायिक लाभ, धर्म-अध्यात्म में आस्था, मनोविनोद के अवसर, मनोरंजन में रुझान।
वृषभ-	अर्थपक्ष में हानि, आरोग्यसुख में कमी, व्यय की अधिकता, तालमेल का अभाव।
मिथुन-	आत्मिक शांन्ति, निर्णय अनुकूल, धनागम का लाभ, व्यय की अधिकता, यात्रा सुखद।
कर्क-	मनोकामना पूर्ण, परिवार में हर्षोल्लास, मेलमिलाप में रुचि, धर्मअध्यात्म में आस्था।
सिंह-	साहसिक प्रयास प्रगति पर, नवीन उपलब्धि, परिजन सहायक, अतिथि का आगमन।
कन्या-	मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा।
तुला-	परिवार में हर्षोल्लास, श्रेष्ठजनों का सहयोग, अधूरी योजना पूर्ण, धनसंचय में रुचि।
वृश्चिक-	स्वास्थ्य बेहतर, पुराने विवाद का समापन, उन्नति का प्रयास, प्रसन्नता का वातावरण।
धनु-	दिनमान अनुकूल, कार्यक्षमता में वृद्धि, सलाह लाभदायक, राजकीय पक्ष से लाभ।
मकर-	व्यापार में परेशानी, विरोधियों का वर्चस्व, सम्बन्धों में कटुता, मानसिक तनाव।
कुम्भ-	अभिलाषा की पूर्ति, धनागम, मौजमस्ती में व्यय, गलतफहमी दूर, यात्रा सार्थक।
मीन-	नवयोजना साकार, निर्णय अनुकूल, सलाह लाभदायक, अभिष्ट सिद्धि, यात्रा सुखद।

आज है जिनका जन्मदिन — 26 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 26 का मूलांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। स्पष्टवादी, परिश्रमी व साहसी व्यक्ति होंगे। आपकी इच्छा सदैव ऊँचा पद यात्रा बड़ा व्यापार को करने के इच्छुक रहेंगे। सूक्ष्मदर्शिता विशेष गुण होगा। हँसमुख स्वभाव के कारण अनजान व्यक्ति भी आपके सम्पर्क में आज जायेगा। मित्र बन जायेगा। सहज ही कुछ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे। इसके लिए कठिनाईयों के दौर से गुजरना पड़ेगा। क्रोध की स्थिति में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे। अनुशासन प्रिय होंगे और चाहेंगे कि आपके अधीनस्थ भी अनुशासन में रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। स्पष्टवादी होने के कारण कुछ लोगों से विरोध रहेगा। ये व्यक्ति हानि पहुँचाने की दिशा में गुप्त षडयंत्र करेंगे। कुल देवी-देवता की पूजा अवश्य करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुओं का दान करें। शुद्ध शाकाहारी जीवन व्यतीत करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधिपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ शं शनैश्चराय नमः
व्रत	: शनिवार
दिन	: सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार
दिनांक	: 8, 17, 26
अंक	: 2, 4, 6, 7
मास	: जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
वर्ष	: 8, 17, 26, 35, 44, 53, 62, 71
रंग	: हरा, नीला, काला एवं भूरा
जन्मरत्न	: नीलम उपरत्न : नीली
जड़ी	: लाल चन्दन की जड़

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 जनवरी से 20 फरवरी, 20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

सुडोकू ४०९५

7	9			3				
						5		8
				2				
	6	5						
				9			4	
2						1		
			8					
3								
			5		6			9

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और अंकों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। अब नीचे खानों के नीचे खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खाने में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देखें।

4	2	9	5	3	8	1	7	6
5	8	3	1	7	6	9	2	4
7	1	6	2	9	4	5	8	3
2	7	1	4	8	3	6	5	9
6	9	5	7	1	2	4	3	8
8	3	4	9	6	5	2	1	7
9	5	7	3	4	1	8	6	2
3	6	2	8	5	9	7	4	1
1	4	8	6	2	7	3	9	5

हल: ४०९४ सुडोकू